Std. VI (हिंदी व्याकरण) क्रियाविशेषण

प्रश्न 1. क्रियाविशेषण की परिभाषा लिखें ।

उत्तर-- जो शब्द क्रिया की विशेषता बताए ,उसे क्रियाविशेषण कहते हैं । जैसे -- सौरभ कम बोलता है। यहाँ कम क्रियाविशेषण है ।

प्रश्न 2.क्रियाविशेषण के भेदों की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए ।

उत्तर -- क्रियाविशेषण के चार भेद होते हैं :--

1.रीतिवाचक क्रियाविशेषण

2.कालवाचक क्रियाविशेषण

3. स्थानवाचक क्रियाविशेषण 4.परिमाणवाचक क्रियाविशेषण

परिभाषा

1.रीतिवाचक क्रियाविशेषण -- जिस शब्द से क्रिया के होने के ढंग का पता चले , उसे रीतिवाचक क्रियाविशेषण कहते हैं । जैसे -- शेर ज़ोर- ज़ोर से दहाड़ रहा था । यहाँ ज़ोर-ज़ोर से रीतिवाचक क्रियाविशेषण है ।

2. कालवाचक क्रियाविशेषण -- जिस शब्द से क्रिया के होने के समय का पता चले , उसे कालवाचक क्रियाविशेषण कहते हैं । जैसे -- वह कल आया था । यहाँ कल कालवाचक क्रिया विशेषण है ।

3. स्थानवाचक क्रियाविशेषण -- जिस शब्द से क्रिया के होने के स्थान का पता चले , उसे स्थान वाचक क्रियाविशेषण कहते हैं । जैसे -- तुम इधर बैठो । यहाँ इधर स्थानवाचक क्रियाविशेषण है ।

4.परिमाणवाचक क्रियाविशेषण --- जिस शब्द से क्रिया की मात्रा का पता चले ,उसे परिमाणवाचक क्रियाविशेषण कहते हैं । जैसे -- वह अधिक खाता है । यहाँ अधिक परिमाणवाचक क्रियाविशेषण है ।

प्रश्न 3. नीचे लिखे वाक्यों से क्रियाविशेषण शब्द चुनकर उनके भेद लिखें ।

1).बालक धीरे-धीरे लिख रहा है ।-- धीरे-धीरे --रीतिवाचक क्रिया विशेषण

2) तुम सुबह से शाम घूमते रहते हो।-- सुबह से शाम -- कालवाचक क्रिया

विशेषण

3) लक्ष्मी कम बोलती है।-- कम-- परिमाणवाचक क्रियाविशेषण

4) महेश वहाँ गया था । --वहाँ -- स्थानवाचक क्रियाविशेषण

5) इधर - उधर मत खेलो । --इधर - उधर -- स्थानवाचक क्रिया विशेषण

6) वह तेज़ चलता है ।-- तेज़ -- रीतिवाचक क्रियाविशेषण

7) तुमने इतना खा लिया।-- इतना-- परिमाणवाचक क्रियाविशेषण

8) नीता कल गई थी ।-- कल -- कालवाचक क्रियाविशेषण

9) रेलगाड़ी अचानक आ गई ।-- अचानक -- रीतिवाचक क्रिया विशेषण

10) वर्षा लगातार हो रही है।-- लगातार -- कालवाचक क्रिया विशेषण

11) अंदर जाकर बैठो ।--अंदर --स्थानवाचक क्रियाविशेषण

12) वह थोड़ा मुस्कुराया ।--थोड़ा-- परिमाणवाचक क्रियाविशेषण